**Roll No. ..................................**

# E–3441

## M. A. (Final) EXAMINATION, 2021

HINDI

Paper Tenth

(पत्रकारिता प्रशिक्षण)

*Time : Three Hours* ] [ *Maximum Marks : 100*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. पत्रकारिता के स्वरूप की व्याख्या करते हुए उसके प्रकार पर विस्तार से चर्चा कीजिए। 15

अथवा

हिन्दी पत्रकारिता के उद्‌भव और विकास पर अपना मत दीजिए।

2. समाचार-पत्रों के विभिन्न स्तम्भों की योजना पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

पत्रकारिता के संदर्भ में संपादकीय से क्या तात्पर्य है ? उसके स्वरूप का विवेचन कीजिए।

3. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की पत्रकारिता क्या है ? टी. वी. पत्रकारिता पर विस्तार से लिखिए। 15

अथवा

मुक्त प्रेस की अवधारणा को विस्तार से विश्लेषित कीजिए।

4. प्रसार भारती की कार्य पद्धति को समझाते हुए सूचना प्रौद्योगिकी पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

प्रेस सम्बन्धी प्रमुख कानून कौन-कौन-से हैं ? इस पर विस्तार से चर्चा कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच पर टिप्पणियाँ लिखिए : प्रत्येक 4

(i) भारत में पत्रकारिता का उदय।

(ii) समाचार लेखन के मुख्य आयाम।

(iii) फोटो पत्रकारिता

(iv) साक्षात्कार

(v) इंटरनेट की पत्रकारिता

(vi) प्रूफ शोधन

(vii) साक्षात्कार

(viii) पत्रकारिता का दायित्व

6. निम्नलिखित में से किन्हीं बीस प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए :

प्रत्येक 1

(i) भारतीय पत्रकारिता संस्थान कहाँ स्थित है ?

(ii) 'प्रजा हितैषी' पत्र का संपादन किस वर्ष से शुरू हुआ ?

(iii) इंडियन प्रेस, प्रयाग के मालिक कौन थे ?

(iv) 'सरस्वती' पत्रिका के प्रथम संपादक कौन थे ?

(v) 'उदन्त मार्तण्ड कब प्रकाशित हुआ ?

(vi) हिन्दी पत्रकारिता का आरम्भ किस शहर से हुआ ?

(vii) 'सरस्वती' पत्रिका मासिक थी या साप्ताहिक ?

(viii) भारत में पहला प्रेस कहाँ स्थापित हुआ था ?

(ix) 'छत्तीसगढ़ मित्र' कहाँ से प्रथम बार प्रकाशित हुआ ?

(x) 'मूकनायक' के संपादक कौन थे ?

(xi) प्रेस ट्रस्ट ऑफ इण्डिया का कार्यालय कहाँ है ?

(xii) छत्तसीगढ़ में पत्रकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना कब हुई ?

(xiii) गणेशशंकर विद्यार्थी ने किस पत्र का संपादन किया ?

(xiv) 'बालबोधिनी' पत्रिका का प्रकाशन कहाँ से होता था ?

(xv) हिन्दी पत्रकारिता दिवस कब मनाया जाता है ?

(xvi) पुलित्जर पुरस्कार कौन प्रदान करता है ?

(xvii) 2019 को रमन मैग्सेसे पुरस्कार किस भारतीय पत्रकार को मिला ?

(xviii) पत्रकारिता के क्षेत्र में दिया जाने वाला सबसे बड़ा पुरस्कार कौन-सा है ?

(xix) 'विश्व हिन्दी' पत्रिका का प्रकाशन कहाँ से होता है ?

(xx) 'हंस' पत्रिका के प्रथम संपादक कौन थे ?

(xxi) ग्राफिक्स क्या है ?

(xxii) कार्टून समाचार-पत्र में क्यों होना चाहिए ?

(xxiii) विज्ञापन की पत्रकारिता में क्यों जरूरत है ?

(xxiv) 'आलोचना' कौन प्रकाशित करता है ?

(xxv) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित पत्रिका का नाम लिखिए।